पारि–पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केन्द्र, प्रयागराज

3/1, लाजपत राय रोड, न्यू कटरा, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश – 211002

केन्द्रीय सतर्कता जागरूकता सप्ताह
एवं
राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

पारि–पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केन्द्र, प्रयागराज द्वारा केन्द्रीय सतर्कता जागरूकता सप्ताह (31.10.2022 से 06.11.2022 तक) का आयोजन किया गया। जागरूकता सप्ताह के प्रथम दिवस 31.10.2022 को केन्द्र प्रमुख डा0 संजय सिंह द्वारा केन्द्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत शोधार्थियों को भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाने के साथ ही राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं सुरक्षा को बनाए रखने हेतु भी शपथ दिलायी गयी।

डॉ0 संजय सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि सतर्कता जागरूकता के अंतर्गत सार्वजनिक जीवन में शुचिता को बढ़ावा देने पर बल दिया जाएगा साथ ही सरदार बल्लभ भाई पटेल की 147वीं जयंती के शुभ अवसर पर उनके द्वारा चलाए गए अभियान– राष्ट्रीय एकता दिवस के अंतर्गत लोगों को एकजुट करना और

समाज के उत्थान के लिए उनके विचारों से अवगत कराया। केन्द्र के श्री हरीश कुमार, अपर श्रेणी लिपिक ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन की आवश्यकता एवं महत्व से अवगत कराया।

कार्यक्रम समन्वयक डा0 अनीता तोमर, वैज्ञानिक एफ ने बताया कि सरदार पटेल के राष्ट्रीय अखण्डता और एकता में योगदान के विषय में जागरूकता फैलाने के लिए **"रन फॉर यूनिटी"** जैसे विभिन्न आयोजन किये जाते हैं। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 अनुभा श्रीवास्तव ने भारतीय राष्ट्र को एक संघ बनाने तथा भारतीय रियासतों के एकीकरण में सरदार पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए संविधान के निर्माण में उनकी भूमिका से भी अवगत कराया। जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम से सम्बन्धित विभिन्न प्रतियोगिताओं यथा—नारा एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें केन्द्र के कर्मचारियों एवं शोधछात्रों ने बढ़—चढ़कर हिस्सा लिया। केन्द्र द्वारा विभिन्न आयोजित प्रतियोगिताओं में विजयी उम्मीदवारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।